## कार्यालय प्राचार्य, ब0ला0जुँ0 राजकीय स्ना0 महाविद्यालय, पुरोला– उत्तरकाशी।

E-Mail ID –gdcpurola@gmail.com

पत्रांक सं0/ [illegible] /रा.से.यो./वार्षिक आख्या/2023–24 दिनांकः 19.03.2024

सेवा में,

कार्यक्रम समन्वयक,(रा.से.यो.),
श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाही थौल टिहरी (गढ़वाल)।

**विषय– ब0ला0जुँ राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला–उत्तरकाशी में रा0से0यो0 के अन्तर्गत सत्र 2023–24 में आयोजित कार्यक्रमों की वार्षिक आख्या का प्रेषण।**

### 1– पर्यावरण संरक्षण हेतु त्रिफला वाटिका उद्घाटन कार्यक्रम (दिनांक 24–04–2023)

रा0से0यो0 के अन्तर्गत दिनांक 24–04–2023 को रा0से0यो के एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन किया गया, तथा जी–20 के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु महाविद्यालय परिसर में त्रिफला बाटिका का उद्घाटन, वृक्षारोपण तथा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर **मुख्य अतिथि के रूप में श्री हरिमोहन सिंह नेगी नगर पंचायत अध्यक्ष पुरोला तथा विशिष्ट अतिथि श्री सुबोध काला प्रभागीय वन अधिकारी पुरोला** उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा महाविद्यालय को 25 ट्री गार्ड तथा छात्र/छात्राओं के प्रांगण में बैठने हेतु 08 बैंच उपलब्ध कराये गये, जबकि विशिष्ट अतिथि द्वारा महाविद्यालय परिसर हेतु विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधे उपलब्ध कराये गये। इस अवसर पर महाविद्यालय के **प्राचार्य डॉ0 ए0के0 तिवारी** द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया, तथा उनके सहयोग हेतु आभार प्रकट करते हुए, जी–20 के अन्तर्गत चल रहे भारत सरकार के अभियानों में समस्त जन प्रतिनिधियों, सम्बन्धित अधिकारियों, समस्त नागरिकों एवं समस्त छात्र/छात्राओं की भागीदारी का अह्वान किया गया। रा0से0यो0 के 62 स्वयंसेवी उपस्थित रहे।





Gauhar fatima



**पुरोला महाविद्यालय में किया पौधारोपण**



## 2–विश्व पर्यावरण दिवस (दिनांक 05 जून, 2023)

दिनांक 05 जून, 2023 को ब0ला0जुँ0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें छात्र–छात्राओं, महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं वन विभाग पुरोला की टीम द्वारा महाविद्यालय परिसर में देवदार, बांज, तथा अन्य प्रजाति के पौधों का वृक्षारोपण, पूर्व में लगाये गये पौधों की निराई–गुड़ाई तथा उनके बाहर पशुओं के बचाव हेतु बाड़ लगायी गयी। साथ ही महाविद्यालय के परिसर की साफ–सफाई की गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ए0के0 तिवारी, महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ, रा0से0यो0 के 47 स्वयंसेवी उपस्थित थे।






## 3–एक दिवसीय सामान्य शिविर (दिनांक 13–07–2023)

आज दिनांक 13–07–2023 को ब0ला0जु0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला (उत्तरकाशी) में स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर रा0से0यो0 के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 48 स्वयंसेवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय में श्रमदान कार्यक्रम में जैविक व अजैविक कूड़े के निस्तारण हेतु गड्ढो का निर्माण किया, एव पर्यावरण जागरूकता को बढ़ाने के विषय पर एक संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ।

Aashar Jatvria





**4–कारगिल विजय दिवस (26–07–2022)**

आज दिनांक 26–07–2022 को ब0ला0जु0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला (उत्तरकाशी) में कारगिल विजय दिवस को शौर्य दिवस के उपलक्ष में एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन हुआ जिसमें रा0से0यो0 के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में वीर शहीदों के बलिदानों के चलचित्रों पर माला चढ़ाई गयी व उनको नमन करते हुये याद किया गया। तथा साथ ही हरेला पर्व पर लगाये गये पौधों की गुड़ायी तथा सिंचायी की गयी। इस कार्यक्रम में 47 स्वयंसेवियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।





**5- राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर आयोजित एक दिवसीय शिविर आख्या (24-09-2023)**

दिनांक 24 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन उत्सवपूर्ण रूप में किया गया। इस महत्वपूर्ण दिन को समर्पित करते हुए, स्वयं सेवियों ने गर्व और उत्साह से महाविद्यालय के परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। समारंभ में, सेवा योजना के सदस्यों ने राष्ट्रगान व

लक्ष्य गीत के साथ आगाज किया और महाविद्यालय के परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया। इसके बाद, महाविद्यालय के पार्किंग हेतु प्लेटफार्म का निर्माण कार्य भी सेवा योजना स्वयं सेवियों द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर, स्वयं सेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें संगीत, नृत्य, और कला के कई रूप शामिल थे। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन एक सफलता बना और सेवा योजना के स्वयं सेवियों ने अपना समर्पण और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को ज़्यादा संख्या में आकर दिखाया इस कार्यक्रम में कुल 52 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया।





## स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभियान



एनएसएस स्थापना दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

## क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



## स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया









## 6-उत्तराखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम (09–11–2023)

दिनांक 09 नवम्बर 2023 को ब0ला0 जु0 रा0 स्ना0 महाविद्यलय पुरोला उत्तरकाशी में 23 वां उत्तराखंड स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस उपलक्ष्य पर महाविद्यलाय की एन0एस0एस0 इकाई द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया | नगर पंचायत पुरोला के अधिशासी अधिकारी, श्री हर्षवर्धन सिंह रावत, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और इस समर्थन में अन्य नगर पंचायत के कर्मिक भी शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी और मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर, श्री राही जी, नगर पंचायत पुरोला ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी ने अपने विचारों में बताते हुए यह साझा किया कि आज के युग में हमें अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक, और सामाजिक चुनौतियों के साथ सामग्रीपूर्ण योजनाएँ बनाने की आवश्यकता हैं।






**7- विजय दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कैंप व आत्म रक्षा प्रशिक्षण (26-12-2023):-** दिनांक16 दिसम्बर 2023 को महाविद्यालय में विजय दिवस के अवसर पर, महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पोस्टर

Gauhar fatima

प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भाषण प्रतियोगिता में, केशव चौहान ने तृतीय सेमेस्टर के छात्र के रूप में पहला स्थान हासिल किया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में, स्मृति नौडियाल ने पहला स्थान हासिल किया ।इस महत्वपूर्ण अवसर पर, श्री जयेन्द्र सिंह रावत, भूतपूर्व सैनिक, एसआई श्रीमती अक्षुरानी, और हेड कॉन्स्टेबल श्री जगवीर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रमुख डॉ0 ए0 के0 तिवारी और मुख्य अतिथियों ने मिलकर किया, जिन्होंने एक द्वीप प्रज्वलन किया।मुख्य अतिथियों ने इस कार्यक्रम में 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद होने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सैनिकों की अद्भुतता और निर्भीकता को बताया।एस0आई0 श्रीमती अक्षुरानी ने गौरा शक्ति एप्लीकेशन के बारे में छात्रों को जागरूक किया और उन्हें आत्मरक्षा की प्रशिक्षण दी। इस कार्यक्रम में कुल 46 स्वयं सेवियों ने प्रतिभाग किया।






## पुरोला में विजय दिवस धूमधाम से मनाया

पुरोला। वीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में [illegible] को विजय दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में एनएसएस इकाई एवं रोवर रेंजर्स द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनानी जयेन्द्र सिंह रावत व एसआई अक्षुरानी एवं हेड कांस्टेबल जगवीर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे।





**8- मतदाता जन जागरूकता अभियान कार्यक्रम (18-03-2024):-** मतदाता जन जागरूकता अभियान इसके उपलक्ष पर एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन हुआ जिसके प्रथम भाग में मेहन्दी प्रतियोगिता को आयोजन किया गया, जिसमे महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने मतदाता जन जागरूकता को बढ़ाने हेतु मेहन्दी डेसाइन बनाये गए

Chauhan
fating

व स्वयं सेवियों द्वारा इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया साथ ही द्वितीय भाग में स्वयं सेवियों द्वारा एक मतदाता जन जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया जिसमें स्वयं सेवियों द्वारा होर्डिंग का निर्माण किया गया व साथ ही मतदाता जन जागरूकता से जुड़े नारों को भी इस रैली में बोला गया। यह रैली महाविद्यालय से शुरू होकर कुरड़ा गाँव में स्थित मुख्य मंदिर तक जाकर वापस महाविद्यालय पहुंची। इस कार्यक्रम में कुल 53 स्वयं सेवियों ने प्रतिभाग किया।





कार्यक्रम अधिकारी
रा0स0यो0प्रकोष्ठ
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0
पुरोला (उत्तरकाशी)

भवदीय,
प्राचार्य
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0
पुरोला (उत्तरकाशी)

# बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला (उत्तरकाशी)

Website: gpgcpurola.ac.in | Email: gdcpurola@gmail.com | Mob. No: +91-8171045315


## उत्तराखंड स्थापना दिवस कार्यक्रम

दिनांक : 09/11/2023

दिनांक 09 नवम्बर 2023 को ब0ला0 जु0 रा0 स्ना0 महाविद्यलय पुरोला उत्तरकाशी में 23 वां उत्तराखंड स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया इस उपलक्ष्य पर महाविद्यलाय की एन0एस0एस0 इकाई द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया | नगर पंचायत पुरोला के अधिशासी अधिकारी, श्री हर्षवर्धन सिंह रावत, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे और इस समर्थन में अन्य नगर पंचायत के कर्मिक भी शामिल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी और मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित करके किया।

इस अवसर पर, स्वीकृति बढ़ाने के लिए पहले साल के छात्र-छात्राओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे उत्तराखंड स्थापना दिवस की महत्ता को साबित किया गया। विभिन्न रंग-बिरंगे कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तराखंड की सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाने का प्रयास किया गया। इस मौके पर, श्री राही जी, नगर पंचायत पुरोला ने महाविद्यालय के प्राध्यापकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में, प्राचार्य डॉ. ए.के. तिवारी ने अपने विचारों में बताते हुए यह साझा किया कि आज के युग में हमें अपनी सांस्कृतिक, आर्थिक, और सामाजिक चुनौतियों के साथ सामग्रीपूर्ण योजनाएँ बनाने की आवश्यकता हैं।

इस महत्वपूर्ण दिवस में, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री भूपाल सिंह कार्की, श्रीमति गौहर फातिमा, एवं प्राध्यापक श्री विनोद कुमार, डॉ गणेश प्रसाद, डॉ यमुना प्रसाद, डॉ विशंबर जोशी, श्री के0 डी0 रतुड़ी, श्री राजेंद्र लाल आर्य, डॉ बबीता भट्ट, श्रीमति वंदना, कुशमिला एवं छात्रसंघ अध्यक्ष रितिक चुनार भी उपस्थित रहे।


महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी
श्री भूपाल सिंह कार्की
श्रीमती गौहर फातिमा

भवदीय,
9/11/23
प्राचार्य
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0
पुरोला (उत्तरकाशी)

प्राचार्य
ब0ला0जु0 रा0स्ना0 महाविद्यालय
पुरोला (उत्तरकाशी)








Uttarkashi-Uttarakhand

# बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# पुरोला (उत्तरकाशी)

Website: gpgcpurola.ac.in | Email: gdcpurola@gmail.com | Mob. No: +91-8171045315


दिनांक : 16 दिसम्बर 2023

## विजय दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कैंप व आत्म रक्षा प्रशिक्षण

दिनांक16 दिसम्बर 2023 को ब0ला0जु0रा0स्ना0महाविद्यालय, पुरोला, उत्तरकाशी में विजय दिवस का उत्साह और गर्व बाटा गया। इस शानदार अवसर पर, महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ने एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।भाषण प्रतियोगिता में, केशव चौहान ने तृतीय सेमेस्टर के छात्र के रूप में पहला स्थान हासिल किया, जबकि पोस्टर प्रतियोगिता में, स्मृति नौडियाल ने पहला स्थान हासिल किया ।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर, श्री जयेन्द्र सिंह रावत, भूतपूर्व सैनिक, एसआई श्रीमती अक्षुरानी, और हेड कॉन्स्टेबल श्री जगवीर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रमुख डॉ0 ए0 के0 तिवारी और मुख्य अतिथियों ने मिलकर किया, जिन्होंने एक द्वीप प्रज्वलन किया।

मुख्य अतिथियों ने इस कार्यक्रम में 1971 में बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद होने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की और सैनिकों की अद्भुतता और निर्भीकता को बताया।एस0आई0 श्रीमती अक्षुरानी ने गौरा शक्ति एप्लीकेशन के बारे में छात्रों को जागरूक किया और उन्हें आत्मरक्षा की प्रशिक्षण दी। इसके साथ ही, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री भूपाल सिंह कार्की, श्रीमती गौहर फातिमा, रोवर रेंजर प्रभारी श्री विनोद कुमार, और डॉ तबस्सुम जहाँ भी मौजूद रहे।

महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी
श्री भूपाल सिंह कार्की
श्रीमती गौहर फातिमा

भवदीय,
प्राचार्य
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0
पुरोला (उत्तरकाशी)

ब0ला0जु0 रा0स्ना0 महाविद्यालय
पुरोला (उत्तरकाशी)






Self-Defense Training



हिन्दुस्तान



## पुरोला में विजय दिवस धूमधाम से मनाया

हिन्दुस्तान

# पुरोला में विजय दिवस धूमधाम से मनाया

पुरोला। बीएल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में शनिवार को विजय.दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य में एनएसएस इकाई एवं रोवर रेंजर्स द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूतपूर्व सैनानी जयेन्द्र सिंह रावत व एसआई अक्षुरानी एवं हेड कांस्टेबल जगवीर चौहान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे।



**विजय दिवस पर एनएसएस एवं रोवर रेंजर्स द्वारा एक दिवसीय कैंप**



# नगरपंचायत पुरोला के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत श्रमदान कार्यक्रम (01.10.2023)

दिनांक 01-10-2023 को, बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवियों ने एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन नगरपंचायत पुरोला द्वारा किया गया था, जिसमें 01.30 घंटे के लिए श्रमदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वयसेवियों ने वार्ड नंबर 04 से शुरू करते हुए पुरोला बाजार तक की सड़कों, नालियों, नालों, और छाड़ा खड़ की नदी की सफाई की। इस कार्यक्रम में स्वयसेवियों और कॉलेज के स्टाफ ने साथ मिलकर प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा और अन्य अपशिष्टों को एकत्र किया।

इस समर्पण और उपकरण के साथ, स्वयसेवियों और स्टाफ ने मिलकर लगभग 35 किलो प्लास्टिक, कूड़ा-कचरा और अन्य अपशिष्टों को संग्रहित किया। इस अवसर पर कॉलेज के स्टाफ सहित कुल मिलाकर 40 स्वयसेवियों ने भाग लिया, जो नगरपंचायत पुरोला के स्वच्छता कार्यक्रम को समर्थन देने के लिए साझा आए।



कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना












कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

## महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर राष्ट्रिय सेवा योजना के स्वयंसेवियों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम (02.10.2023)

दिनांक 02-10-2023 को, बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयसेवी छात्रों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नेता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती को याद करते हुए एक अद्वितीय कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी के पोर्ट्रेट्स पर फूल और माला का अर्पण करने से हुई, जिससे समागम एक सान्त्वना और श्रद्धांजलि का माहौल बना।

इस उपलक्ष्य पर, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा एक प्रदर्शनी और संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान घटकों के जीवन और कार्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।




कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
...पुरोला

कार्यक्रम के बाद, श्रमदान कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के स्वच्छता अभियान का समर्थन करते हुए महाविद्यालय में और उसके परिसर में चार जैविक एवं अजैविक अवशिष्ट हेतु गड्ढों के खुदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस उपकार्यक्रम के दौरान, कॉलेज के स्टाफ के अतिरिक्त 45 स्वयसेवी उपस्थित रहे, जिन्होंने मिलकर महाविद्यालय के स्वच्छता अभियान को बढ़ावा दिया और साफता में महत्वपूर्ण योगदान किया।







## सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'Run for Unity and Run Against Drugs' कार्यक्रम का आयोजन (31.10.2023)

दिनांक 31-10-2023 को, बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में, सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाने के लिए एक अद्वितीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य पर, एक दौड़ का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य छात्रों के बीच एकता और सामाजिक आपसी सद्भावना को प्रोत्साहित करना था।

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

दौड़ के परिणामस्वरूप, छात्रों ने अपनी ताकत और आदर्श एकता की प्रतीति दिखाई और दौड़ में विजय प्राप्त की। विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया, जिससे उनका उत्साह और संगठन में और भी मजबूत हुआ।

इस महत्वपूर्ण दिन के अंतर्गत, सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को समर्थन और सलाम करने के रूप में दौड़ का आयोजन आयोजित किया गया, जिससे छात्रों के बीच एक गहरे गौरव और समर्पण की भावना विकसित हुई। यह कार्यक्रम समाज में सामाजिक एकता और योगदान की भावना को प्रोत्साहित करने का एक श्रेष्ठ उदाहरण स्थापित करता है। इस कार्यक्रम में 35 स्वयंसेवियों ने प्रतिभाग किया।











कार्यक्रम अधिकारी
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0
पुरोला उत्तरकाशी

1. Mr. Bhupal Singh Karki
2. Gauhar Fatima

वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0-पुरोला

प्राचार्य
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0
पुरोला उत्तरकाशी

ब0ला0जु0 रा0स्ना0 महाविद्यालय
पुरोला (उत्तरकाशी)

बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
पुरोला (उत्तरकाशी)

Website: gpgcpurola.ac.in | Email: gdcpurola@gmail.com | Mob. No: +91-8171045315

**राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर आयोजित एक दिवसीय शिविर आख्या** दिनांक :24.09.2023

**सत्र: 2023-24**

बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में दिनांक 24 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन उत्सवपूर्ण रूप में किया गया। इस महत्वपूर्ण दिन को समर्पित करते हुए, स्वयं सेवियों ने गर्व और उत्साह से महाविद्यालय के परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। समारंभ में, सेवा योजना के सदस्यों ने राष्ट्रगान व लक्ष्य गीत के साथ आगाज किया और महाविद्यालय के परिसर में सफाई अभियान का आयोजन किया। इसके बाद, महाविद्यालय के पार्किंग हेतु प्लेटफार्म का निर्माण कार्य भी सेवा योजना स्वयं सेवियों द्वारा सफलतापूर्वक पूरा किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर, स्वयं सेवियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिनमें संगीत, नृत्य, और कला के कई रूप शामिल थे। यह कार्यक्रम न केवल एक विशेष दिन को साझा करने का माध्यम था, बल्कि इसके माध्यम से स्वयं सेवियों ने अपनी कला कौशल को प्रदर्शित किया और महाविद्यालय के छात्रों को मनोरंजन और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक किया।

इन सभी कार्यक्रमों का संचालन महाविद्यालय के एनएसएस प्रभारी, श्री भूपाल सिंह कार्की, गौहर फातिमा ने किया। जिसमें दीपक सिंह, सुष्मिता तोमर, हरीश बिजल्वाण, रमेश, कुशमिला, प्रहलाद, और अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आवश्यक भूमिका निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस का आयोजन एक सफलता बना और सेवा योजना के स्वयं सेवियों ने अपना समर्पण और सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दिखाया।

इस कार्यक्रम में NSS कार्यक्रम प्रभारी भूपाल सिंह कार्की, गौहर फातिमा के साथ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ गणेश प्रसाद, डॉ विशम्बर जोशी, डॉ दीपक सिंह, डॉ विनय प्रकाश नौटियाल आदि उपस्थित रहें।

एन०एस०एस०कार्यक्रम अधिकारी
1. श्री भूपाल सिंह कार्की
2. गौहर फातिमा

प्राचार्य,
ब०ला०जु०रा०स्ना०महा०वि०
पुरोला, उत्तरकाशी






राष्ट्रीय सेवा योजना
(युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पोषित)
National Service Scheme







होम NCR क्रिकेट लाइव स्कोर देश

Hindi News • उत्तराखंड • उत्तरकाशी • एनएसएस स्थापना दि

## एनएसएस स्थापना दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान

पुरोला के बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को एनएसएस स्थापना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस ...

हिन्दुस्तान ऐप पर पढ़ें

Newswrap • हिन्दुस्तान टीम, उत्तरकाशी

Sun, 24 Sep 2023 03:20 PM

पुरोला के बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रविवार को एनएसएस स्थापना दिवस पर गोष्ठी का आयोजन कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस

पत्रिका NEWS

उत्तरकाशी उत्तराखंड सामाजिक

## क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

हरकीदून पत्रिका 20 hours ago 0 227

1 minute read




गढ़वाल जागरण

## स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया



## स्वयं सेवियों ने चलाया स्वच्छता अभिया

उत्तरकाशी/चिन्यालीसौड़/पुरोला। जिला मुख्यालय स्थित राजकीय ... ने औद्योगिक एवं ... वड़कोट। राजकीय ... द्वारा स्वयंसेवियों को सामाजिक कार्यों के ... विश्वविद्यालय परिसर के ... कॉलेज उत्तरकाशी में स्वच्छता रैली ... लिए प्रेरित किया। श्री वड़कोट व महाविद्यालय में एनएसएस ... निकाली गई। इस मौके पर कार्यक्रम ... पुरोला में एनएसएस के स्वयं सेवियों ... कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ... अधिकारी अनिल सिंह ... ने महाविद्यालय परिसर में ... बहुगुणा ने ... गंगवाल, ... पवार आदि ... अभियान चलाया। इस मौके पर ... उद्देश्य बताए। मौजूद थे। उधर, चिन्यालीसौड़ में ... सिंह ..., ... इस मौके पर ... जल निगम के उप महाप्रबंधक ... तोमर आदि मौजूद रहे। ... सिंह, ... चौरंगखाल व एनएसएस को ... सिंह ... सुरेंद्र सिंह मौजूद थे।

# बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# पुरोला (उत्तरकाशी)

**Website:** gpgcpurola.ac.in | **Email:** gdcpurola@gmail.com | **Mob. No:** +91-8171045315


**दिनांक :23.09.2023**

## राष्ट्रीय सेवा योजना
## ओरिएंटेशन कार्यक्रम
## सत्र: 2023-24

बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला में 23 सितंबर 2023 को आयोजित NSS (National Service Scheme) ओरिएंटेशन कार्यक्रम नव पंजीकृत स्वयं सेवियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिसका मुख्य उद्देश्य नव पंजीकृत स्वयं सेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों, आदर्शों, कार्य योजना एवं महत्व से अवगत कराना था। इस कार्यक्रम ने राष्ट्रीय सेवा योजना (National Service Scheme) के महत्वपूर्ण मिशन को समझाने और उन्हें इसके महत्व से अवगत कराने का आवश्यक कार्य किया।

NSS प्रभारी गौहर फातिमा, श्री भूपाल सिंह कार्की के नेतृत्व में आयोजित इस ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने सेवा योजना के नव पंजीकृत सदस्यों को समाज सेवा के महत्वपूर्ण सिद्धांतों के साथ परिचित किया। इसके माध्यम से, उन्हें NSS कार्यक्रम के उद्देश्य, लक्ष्य, और कार्यों की व्यापक जानकारी प्रदान की गई। यहां उन्हें सेवा के योग्यता और सामाजिक सहयोग की महत्वपूर्ण बातें बताई गई ताकि वे अपने सेवा कार्यों में सफल हो सकें।

कार्यक्रम में नवीन सदस्यों को सेवा योजना के उद्देश्यों के साथ-साथ समाज सेवा के नैतिक महत्व की भी चर्चा की गई। स्वयं सेवी कैसे समाज के उत्थान और समृद्धि में योगदान कर सकते हैं और अपने दैनिक जीवन में सेवा भावना को कैसे अपना सकते हैं। इसके साथ ही, ओरिएंटेशन कार्यक्रम ने सेवा योजना के सदस्यों को सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ साथी सदस्यों के साथ मिलकर काम करने के महत्व से भी अवगत कराया। यहां, उन्होंने समूह कार्य की महत्वपूर्ण बातें सीखी और यह जाना कैसे साथ मिलकर सामाजिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है।

प्राचार्य
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0
पुरोला, उत्तरकाशी


महाविद्यालय कार्यक्रम अधिकारी
1. श्री भूपाल सिंह कार्की
2. गौहर फातिमा




NSS Orientation
Programme
Dated : 23.09.2023






NSS Orientation
Programme
ated : 23.09.2023



# बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला (उत्तरकाशी)

**Website:** gpgcpurola.ac.in | **Email:** gdcpurola@gmail.com | **Mob. No:** +91-8171045315

## सत्र 2023–24 विशेष शिविर कार्यक्रम आख्या

- **प्रथम दिवस (24.02.2024), उद्धघाटन समारोह** :- राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खिलाड़ी पुजली में स्वयं सेवियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर (24 .02 .2024 से 01 .03 .2024 ) का उद्घाटन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० ए० के० तिवारी, ग्राम पुजेली एवं चपताड़ी प्रधान श्रीमती नीता नौटियाल जी, डॉ० प्रहलाद सिंह रावत जी उपस्थित रहें। महाविद्यालय पुरोला के प्राध्यापक डॉ0 दयाधर दीक्षित, डॉ० दीपक कुमार, श्री बलवीर चौहान व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्री भूपाल सिंह कार्की, श्रीमती गौहर फातिमा एवं महाविद्यालय कर्मचारी श्रीमती सरोज एवं श्री रमेश भी उपस्थित रहें, जिनके द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस शिविर का उद्घाटन किया गया। महाविद्यालय के समस्त कर्मचारी महोदय और महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सम्मिलित स्वयंसेवियो के द्वारा इस शिविर का सफल उद्घाटन संपन्न हुआ जिसमें स्वयंसेवियों ने अपना अपना सहयोग प्रदान किया। सभी उपस्थित महानुभावों ने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां स्वयं सेवियों की दी व अपने अनुभवों को भी सबके साथ सांझा किया।










## ▪ द्वितीय दिवस (25.02.2024) श्रमदान:-

महाविद्यालय के स्वयं सेवी छात्रों ने पुजेली गांव में एक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, स्वयं सेवी छात्र-छात्राओं ने प्लास्टिक कचरा संग्रहित किया, झाड़ू मारा, सूखे कूड़े को इकट्ठा कर जलाया, झाड़ियाँ काटी, नालियों की सफाई की और पुजेली में स्थित धारा को पूरी तरह से साफ किया। इस विशेष कार्यक्रम में 33 स्वयं सेवी छात्रों ने भाग लिया और उन्हें कार्यक्रम के अधिकारियों द्वारा उनका मार्गदर्शन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम के संचालन में पुजेली गांव की प्रधान श्रीमती नीता नौटियाल एवं गांव वालो का विशेष सहयोग रहा। तत्पश्चात स्वयं सेविओं के लिए एक बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ जिसमें अतिथि के रूप में डॉ० विनय प्रकाश नौटियाल एवं श्री राजीव नौटियाल ने 'मोबाइल फ़ोन के बढ़ते दुष्प्रभावों' के बारे में स्वयं सेवियों को महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी।










## ▪ तृतीय दिवस (26.02.2024), स्वास्थ्य शिविर:-

पूजेली गांव में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चपटारी, खलाड़ी, आरकोट, कुरुड़ा आदि कई आस-पास के गांवों से लोग उपस्थित थे। सभी लोगों ने मुफ्त में अपने इलाज करवाया। इस शिविर में सी.एच.सी.पुरोला से डॉ.अर्चना पैनोली उपस्थित थीं। उन्होंने सभी मरीजों की जाँच की और मुफ्त दवाइयाँ बाँटी। इस शिविर से सभी लोगों ने सराहना की। इसके अतिरिक्त, शिविर में डॉ0 अर्चना पैनौली द्वारा एक बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें महिला छात्रों को मासिक धर्म के दौरान सावधानियों और देखभाल के महत्व के बारे में शिक्षित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ. पेनौली ने मासिक धर्म स्वच्छता, सैनिटरी उत्पादों के उचित उपयोग और स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य के लिए नियमित जांच के महत्व के बारे में

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। उनके सत्र का उद्देश्य युवा लड़कियों को उनके प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देकर सशक्त बनाना और मासिक धर्म के संबंध में खुलेपन और जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देना था।





**चतुर्थ दिवस (27.02.2024), पौधारोपण कार्यक्रम:-**

नेशनल सर्विस स्कीम (NSS) के तहत, हमारे स्वयं सेवी छात्रों ने एक पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, पूजेली, चपटारी और पूजेली के प्राथमिक विद्यालय में पौधे लगाए गये। इसी के साथ स्वयं सेवी छात्रों ने पुजेली विद्यालय के वेजिटेबल गार्डन को भी जोता। पौधारोपण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की संरक्षा और संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। गाँव के विभिन्न क्षेत्रों में पेड़ लगाए ताकि आस-पास का पर्यावरण स्वस्थ और हरित बना रहे। बौद्धिक सत्र में अतिथि के रूप में श्रीमती पवन रेखा जी उपस्तिथ रहीं जो की बुरांश संस्था में कार्य करती हैं उन्होंने स्वयं सेवियों को मानसिक स्वास्थ्य विषय से जुड़ी बाते बताई और छात्र-छात्राओं के साथ इस विषय पर परिचर्चा भी करी।





- **पंचम दिवस (28.02.2024) जनजागरूकता रैली:-**

स्वयंसेवियों द्वारा आयोजित किए गए राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आज पंचम दिवस के उपलक्ष में स्वयंसेवियों ने ग्राम पुजेली सहित आसपास के ग्राम आराकोट , नेत्री में जागरूकता रैली का भव्य प्रदर्शन किया और नुक्कड़ नाटक द्वारा एक वोट की महत्वता को समझाय। सांय काल के बौद्धिक सत्र में ब्लॉक पुरोला के बीडियो श्री सतीश चौधरी जी मुख्य अतिथि के रूप में स्वयंसेवियों के बीच उपस्थित हुए जिसमें उन्होंने रोजगार के साधनों , अवसरों पर बात की और स्वयंसेवियों का मार्गदर्शन किया। साथ ही उन्होंने सभी स्वयं सेवियों को निष्पक्ष मतदान करने के लिए शपथ भी दिलायी। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी श्री विनोद कुमार और श्रीमती बबिता भट्ट उपस्तिथ हुए जिन्होंने निष्पक्ष मतदान के बारे में अपने विचार रखें।










- **षष्टम दिवस दिवस (29 .02 .2024) सामाजिक,आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण :-** आज षष्टम दिवस के अंतर्गत ग्राम पूजेली और खलाडी में सामाजिक, शैक्षिक, और आर्थिक मुद्दों पर एक सर्वे का

आयोजन किया गया। इस सर्वे के दौरान, खलाडी गाँव में 64 परिवारों से महत्वपूर्ण जानकारी जुटाई गई। इसके बाद, पूजेली गाँव में 34 परिवारों के साथ आर्थिक, सामाजिक, और शैक्षिक मुद्दों पर वार्ता की गई और महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की गई। इस सर्वे ने स्थानीय समुदाय की आर्थिक स्थिति, शैक्षिक स्तर, सामाजिक समस्याओं, और विकास की जरूरतों को प्रमुखता देने में मदद की। इसके लिए स्थानीय अधिकारियों और समुदाय के नेताओं ने सहयोग दिया। इस सर्वे के परिणामों का उपयोग करके सरकार और सामाजिक संगठनों को उनके आर्थिक, सामाजिक, और शैक्षिक विकास के लिए नीतियों को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। बौद्धिक सत्र में विशेष अतिथि के रूप में बड़ो श्री सतीश चौधरी एवं उनके सहयोगी मनमोहन जी पधारे जिन्होंने स्वयं सेवियों को ब्लॉक की रोज़गार अवसरों में भूमिका के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। विशेष सत्र हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ० विशम्बर जोशी, श्री कृष्ण देव रतूड़ी, श्री राजेंद्र लाल आर्य व श्री दीपक सिंह भी शामिल हुए।





- **सप्तम दिवस (01.03.2024), समापन समारोह:-**

महाविद्यालय पुरोला के स्वयंसेवियों द्वारा आयोजित किए गए राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में 01 .03 .2024 को समापन समारोह के अवसर पर स्वयं सेवियों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ० ए० के० तिवारी , ग्रामसभा चपटाड़ी, पुजेली की ग्राम प्रधान श्रीमती नीता नौटियाल, राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय पुजेली के सहायक अध्यापक श्री मनोहर पंवार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुजेली की प्रधानाध्यापक श्रीमती ससरवती चौहान तथा महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ0 गणेश प्रसाद, डॉ० यमुना प्रसाद, श्री प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय के छात्र अध्यक्ष श्री ऋतिक चुनार उपस्तिथ रहें। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ अतिथिगणों के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके हुआ तथा स्वयंसेवियों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। यह विशेष शिविर 24 .02 .2024 से 01 .03 .2024 तक चला जिसमे

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय-पुरोला

Gauhar
Fatima

स्वयं सेवियों द्वारा प्रतिदिन अलग-अलग गतिविधियां व् कार्यक्रमों को आयोजन हुआ। श्रमदान, स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण, जागरूकता रैली, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण, विद्यालय के बच्चों के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन आदि कार्यक्रमों के साथ मानसिक स्वास्थ्य, मोबाइल फ़ोन के दुष्प्रभाव, मतदान का महत्व, ब्लॉक की रोज़गार अवसरों में भूमिका आदि विषयों पर विशेष अतिथियों द्वारा बौद्धिक सत्रों का आयोजन हुआ।













# महाविद्यालय पुरोला का एनएसएस शिविर शुरू

पुरोला। वर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला का पुजेली खलाड़ी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर शुरू हो गया है। रविवार को शिविर का शुभारंभ समाजसेवी लोकेश नौटियाल तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी भूपाल सिंह कार्की आदि मौजूद रहे।

## सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

**संवाददाता** पुरोला। वर्फिया लाल जुवाठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला के द्वारा जूनियर हाईस्कूल पूजेली खलाडी मे स्वयं सेवियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवियों द्वारा पुजेली गांव मे श्रमदान कर प्लास्टिक कूडा, झाडू मारना, सूखे कूडे को एकत्रित कर जलाना, नालियों की सफाई व पुजेली में स्थित मुख्य धारा में साफ सफाई कि गई। इस विशेष शिविर में 33 स्वयं सेवियों के द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान निता नौटियाल ने अपने ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में आए हुए सभी छात्रों व महाविद्यालय परिवार का आभार जताते हुए शिविर को सफल बनाने में सहयोग करने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान निता नौटियाल, समाजसेवी लोकेश नौटियाल, गुरुदेव रावत, बिजेंद्र मणी, कार्यक्रम अधिकारी भूपाल सिंह कार्की, गौहर फातिमा, सरोज, रमेश भी मौजूद रहे।

पहाड़ सन्देश

Home / उत्तराखंड

Trending

## महाविद्यालय पुरोला के स्वयं सेवियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में श्रमदान कर चलाया सफाई अभियान।

Pahad Sandesh 3 weeks ago 0 126

1 minute read



BBC KHABAR

Home / सामाजिक

featured Uncategorized

## एनएसएस शिविर में चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, पहल को ग्रामीणों ने सराह

Web Editor 3 weeks ago 0 127

1 minute read



BBC KHABAR

Home / शिक्षा

featured Uncategorized

## एनएसएस स्वयंसेवियों ने मतदाता जागरुकता रैली का किया आयोजन, नुक्कड़ नाटक भी किया

Web Editor 2 weeks ago

1 minute read



पहाड़ सन्देश

Home / उत्तराखंड

Trending

## महाविद्यालय पुरोला के स्वयंसेवियों ने ग्रामीणों से आर्थिक, सामाजिक व शैक्षिक मुद्दों पर वार्तालाप कर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

Pahad Sandesh 2 weeks ago 0

Less than a minute



कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना

# मीडिया कवरेज

# मुख्य कार्यों का विवरण

| क0सं0 | कार्य का नाम | कार्य का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | सम्पर्क मार्ग की सफाई | 01 कि0मी0 |
| 2 | पानी के स्त्रोत की सफाई | 01 धारा |
| 3 | उच्च प्राथमिक विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय पुजेली में क्यारी का निर्माण | 04 क्यारियां |
| 4 | उच्च प्राथमिक विद्यालय पुजेली में वेजीटेबल गार्डन का निर्माण | 01 वेजीटेबल गार्डन |
| 5 | स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कार्य | 80 परीक्षण लगभग |
| 6 | सामाजिक जागरूकता रैली | 03 रैलियां |
| 7 | सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक सर्वेक्षण | 100 परिवारों का लगभग |
| 8 | पौधारोपण | 60 पौधें |

19/3/24 19/3/24

कार्यक्रम अधिकारी
रा0स0यो0प्रकोष्ठ
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0
पुरोला (उत्तरकाशी)
पुरोला (उत्तरकाशी)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0-पुरोला

भवदीय,
प्राचार्य
ब0ला0जु0रा0स्ना0महा0वि0

प्राचार्य
ब0ला0जु0 रा0स्ना0 महाविद्यालय
पुरोला (उत्तरकाशी)